**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**18.01.2026/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- राज्य सरकार स्वास्थ्य संस्थानों में विश्वस्तरीय उपकरण स्थापित करने पर खर्च करेगी 3 हज़ार करोड़ रूपए की राशि।
- नई दिल्ली में पी.एम. विश्वकर्मा हाट आज से शुरू– प्रदेश सहित देशभर के हस्तशिल्प उत्पादों की लगी प्रदर्शनी।
- सांसद अनुराग ठाकुर ने विकसित भारत जी राम जी योजना को बताया ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने का ब्लू प्रिंट।
- प्रदेश भाजपा ने राज्य में कांग्रेस कार्यकाल में कानून व्यवस्था के चरमराने का लगाया आरोप।

**मुख्यमंत्री**

प्रदेश में अगले 3 वर्षों में स्वास्थ्य संस्थानों को विश्वस्तरीय उपकरणों से लैस करने के लिए करीब 3 हज़ार करोड़ रूपए की राशि खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिमला में चिकित्सा अधिकारियों के साथ आयोजित राज्यस्तरीय संवाद सत्र में कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य प्रशासन को मज़बूत बनाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए प्रशासनिक ढांचे में वित्तीय शक्तियों का विकेन्द्रीकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से आगामी 3 वर्षों में हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में देश का नम्बर वन राज्य बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रकृति ने प्रदेश के लोगों को सेवा भाव की भावना प्रदान की है। उन्होंने चिकित्सकों के शांत और संवेदनशील होने पर बल दिया और कहा कि अच्छा व्यवहार मरीज़ को मानसिक रूप से भी स्वस्थ महसूस करवाता है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने स्वास्थ्य क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

**लिंग अनुपात**

प्रदेश में शिशु लिंग अनुपात पिछले 3 वर्षों में 9 सौ 47 से बढ़कर 9 सौ 64 हो गया है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने बताया कि ये बदलाव बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए सरकार के निरंतर और गंभीर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस सकारात्मक सुधार ने कई नए और महत्वपूर्ण कल्याणकारी कदमों की नींव रखी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी 18 हजार 9 सौ 25 आंगनबाड़ी केन्द्रों को आंगनबाड़ी सह प्री–स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इनमें 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को खेल आधारित प्रारंभिक शिक्षा दी जाएगी।

**विश्वकर्मा हाट**

केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने आज नई दिल्ली में पी.एम. विश्वकर्मा हाट 2026 का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने एम.एस.एम.ई. को देश के विकास की रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि ये आयोजन शिल्पकारों को उनके उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्किटिंग का मंच उपलब्ध करवाएगा। पीएम विश्वकर्मा योजना का उल्लेख करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि ये योजना देश में बेरोज़गारी खत्म करने का माध्यम बनेगी। पीएम विश्वकर्मा हाट में सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के सौ से अधिक कारीगर भाग ले रहे हैं। ये आयोजन 31 जनवरी तक चलेगा।

**कारीगर**

इस बीच, प्रदेश के कुल्लू, चम्बा और सोलन ज़िले से 4 कारीगर पी.एम. विश्वकर्मा हाट 2026 में भाग ले रहे हैं। इन कारीगरों द्वारा इस हाट में विभिन्न हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है। केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय सोलन के अधिकारी अशोक कुमार गौतम ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य देश की पारंपरिक शिल्प कौशल की समृद्ध विरासत का जश्न मनाना और उसका प्रदर्शन करना है।

**अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि वे ऊना ज़िले के हरोली को देश का सर्वश्रेष्ठ विधानसभा क्षेत्र बनाने की दिशा में निरंतर अग्रसर हैं और इसके लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। हरोली के भदसाली में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हज़ारों करोड़ रूपए की राशि खर्च कर विकास कार्यों के माध्यम से मूलभूत ढांचे को सुदृढ़ किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रशासनिक अधोसंरचना को भी मज़बूती प्रदान की गई है। अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि आने वाली पीढ़ी को सर्वोत्तम वातावरण, आधुनिक सुविधाएं और समृद्ध भविष्य उपलब्ध करवाया जा सके।

इस बीच, मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि जलशक्ति विभाग के कर्मचारियों, विशेषकर पंप ऑपरेटरों की पदोन्नति और अन्य सेवा संबंधी समस्याओं को हल करने के लिए निर्णायक कदम उठाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया है कि सरकार जलशक्ति विभाग के हर वर्ग के कर्मचारियों की न्यायसंगत मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करेगी।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने हाल ही में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के तहत प्रदेश के लिए 2 हज़ार 3 सौ करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की है। इसके तहत 2 सौ 50 की आबादी वाली बस्तियों को सड़क सुविधा से जोड़ा जाएगा। शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के चनोग में आज एक जनसभा में उन्होंने कहा कि योजना के तहत शिमला ग्रामीण क्षेत्र की 4 सड़कें भी शामिल की गई हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हर गांव को सड़क सुविधा से जोड़ना उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में करीब साढ़े 3 करोड़ रूपए की परियोजनाओं का शुभारम्भ किया।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने विकसित भारत गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण को मोदी सरकार द्वारा उठाया गया अभूतपूर्व कदम बताया है। ऊना ज़िले में चिंतपूर्णी क्षेत्र के टकारला में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि ये केवल एक रोज़गार योजना नहीं बल्कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने का ब्लू प्रिंट है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस योजना से न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी बल्कि ये विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में भी मददगार बनेगी। इस योजना को लेकर कांग्रेस के विरोध पर उन्होंने कहा कि ये महज़ एक राजनीतिक दिखावा है।

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा ने आरोप लगाया है कि राज्य में कांग्रेस कार्यकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। पार्टी के मीडिया प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि मनाली विधानसभा क्षेत्र के राउगी में राजस्व विभाग की टीम पर हुआ कथित हमला इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश में कानून का नहीं बल्कि राजनीतिक दबंगों का राज चल रहा है। उन्होंने कहा कि ये पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी कांग्रेस कार्यकाल में लगातार अपराध, हिंसा, अवैध कब्ज़े व प्रशासनिक अधिकारियों पर हमले होते रहे हैं। रणधीर शर्मा ने कहा कि इससे स्पष्ट है कि सरकार का नियंत्रण पूरी तरह से कमज़ोर हो चुका है।

**नमो बुक फेयर**

नमो बुक फेयर जैन वी फैस्ट हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश के बच्चों से उनके मन की बात को जानने के उदेश्य से वर्ष 2047 तक मेरा भारत विकसित कैसे बनेगा और मेरी भूमिका विषय पर लेख मांगे गए थे। देशभर से आए प्रमुख 75 लेखों पर आधारित एक पुस्तक तैयार की गई है, जिसका नाम बच्चों के मन की बात मोदी जी के साथ रखा गया है। इस पुस्तक में बिलासपुर ज़िला के घुमारवीं की आर्य श्री द्वारा लिखे गए लेख को दूसरा स्थान मिला है। आर्य श्री ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है।

**"अंत में मुख्य समाचार**

- राज्य सरकार स्वास्थ्य संस्थानों में विश्वस्तरीय उपकरण स्थापित करने पर खर्च करेगी 3 हज़ार करोड़ रूपए की राशि।
- नई दिल्ली में पी.एम. विश्वकर्मा हाट आज से शुरू– प्रदेश सहित देशभर के हस्तशिल्प उत्पादों की लगी प्रदर्शनी।
- सांसद अनुराग ठाकुर ने विकसित भारत जी राम जी योजना को बताया ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने का ब्लू प्रिंट।
- प्रदेश भाजपा ने राज्य में कांग्रेस कार्यकाल में कानून व्यवस्था के चरमराने का लगाया आरोप।